Title: Need to open a Central School at Shajapur, Madhya Pradesh. -Laid.

श्री थावरचन्द गेहलोत (शाजापुर):अध्यक्ष महोदय, मध्य प्रदेश का शाजापुर जिला मुख्यालय जो राट्रीय राजमार्ग क्रमांक-3 पर स्थित है तथा उज्जैन इन्दौर से मक्सी गुना बड़ी रेल लाइन यहां से होकर गुजरती है और यहां तथा आसपास रेलवे स्टेशन होने के कारण सैकड़ों रेलवे एवं केन्द्रीय सड़क परिवहन विभाग के अधिकारी, कर्मचारी परिवार इस क्षेत्र में रहते हैं। केन्द्रीय आयकर आदि कार्यालय भी है। इनके भी कई परिवार यहां रहते हैं। इन परिवारों के सैंकड़ों बच्चे पढ़ते हैं। इस कारण शाजापुर में केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना करना आवश्यक है। मैं व जनता लम्बे समय से केन्द्रीय विद्यालय खोलने की मांग कर रहे हैं। मैं सांसद निधि से ि वद्यालय भवन आदि के लिए धन उपलब्ध कराने को तत्पर हूं। राज्य सरकार जिला प्रशासन भी आवश्यक सहयोग करने की सहमति पूर्व में ही दे चुका है।

अतः अनुरोध है कि शाजापुर में केन्द्रीय विद्यालय स्थापित करने की स्वीकृति प्रदान की जाये।